जून, 2023

मासिक ई-पत्रिका

ध्येय पथ

सम्पादक

पुष्पा निषाद

सुबोध कुमार मिश्र

महाराणा प्रताप महाविद्यालय

जंगल धूसड़, गोरखपुर

विश्व साइकिल दिवस (रैली)

03 जून को महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में आजादी के अमृत महोत्सव के अन्तर्गत विश्व साईकिल दिवव के अवसर पर महाविद्यालय में साईकिल रैली का आयोजन किया गया। रैली का शुभारम्भ महाविद्यालय के उप–प्राचार्य डॉ. विजय कुमार चौधरी ने किया। कार्यक्रम का संयोजन कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अखिलेश कुमार गुप्त ने किया।

वृक्षारोपण कार्यक्रम (विश्व पर्यावरण दिवस)

05 जून को महाविद्यालय में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर एन.सी.सी. द्वारा वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वृक्षारोपण कार्यक्रम में महाविद्यालय के उप–प्राचार्य डॉ. विजय कुमार चौधरी ने एन.सी.सी. कैडेट्स को सम्बोधित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। कार्यक्रम का संयोजन एन.सी.सी. प्रभारी ले. रमाकान्त दूबे ने किया।

भाषण प्रतियोगिता

17 जून को महाविद्यालय में योग सप्ताह कार्यक्रम के अन्तर्गत छात्रसंघ के तत्वावधान में भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में कुल 30 विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में बी.ए. द्वितीय सेमेस्टर की अंजली सिंह को प्रथम स्थान, बी.एस–सी. द्वितीय सेमेस्टर की पूजा

गुप्ता को द्वितीय स्थान व बी.काम. द्वितीय सेमेस्टर की शिखा दूबे को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। निर्णायक की भूमिका में श्री अभिषेक त्रिपाठी जी उपस्थित रहे। प्रतियोगिता का संचालन छात्रसंघ अध्यक्ष सुश्री साक्षी पाण्डेय ने तथा संयोजन छात्रसंघ प्रभारी श्री सिद्धार्थ कुमार शुक्ल ने किया।

अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस

21 जून को महाविद्यालय में अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर छात्रसंघ व राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वावधान में योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। योग प्रशिक्षक के रूप में शारीरिक शिक्षा विभाग के प्रभारी डॉ. सत्येन्द्रनाथ शुक्ल ने योगाभ्यास करवाया।

योग प्रतियोगिता

21 जून को महाविद्यालय में छात्रसंघ द्वारा योग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में 40 विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में एम. ए.चतुर्थ सेमेस्टर की सुश्री सोनम को प्रथम स्थान, एम.ए चतुर्थ सेमेस्टर की कौशिकी को द्वितीय स्थान व बी.ए. तृतीय वर्ष की रीमा को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। निर्णायक के रूप में डॉ. सत्येन्द्रनाथ शुक्ल व श्री नन्दन शर्मा जी रहे। कार्यक्रम का संचालन छात्रसंघ अध्यक्ष साक्षी पाण्डेय ने व संयोजन छात्रसंघ प्रभारी सिद्धार्थ शुक्ल ने किया।

भारतीय नभमण्डल के धार्मिक-आध्यात्मिक, सामाजिक एवं राजनैतिक क्षितिज के दैदीप्यमान नक्षत्र युगपुरुष ब्रह्मलीन महन्त दिग्विजयनाथ जी महाराज नें पूर्वांचल के शैक्षणिक विकास एवं भारतीय संस्कृति, परम्परा, सनातन ज्ञान-विज्ञान एवं कौशल से ओत-प्रोत शिक्षा के प्रचार-प्रसार के उद्देश्य से सन् 1932 ई. में महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद् की स्थापना की थी। सिद्ध गोरक्षपीठ एवं महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद् द्वारा संचालित महाराणा प्रताप महाविद्यालय पूर्वांचल के शिक्षा क्षेत्र की एक अग्रणी संस्था है । महाविद्यालय के मासिक गतिविधियों का एक संक्षिप्त संकलन ''ध्येय पथ'' नाम से मासिक ई-पत्रिका के रूप में प्रकाशित किया जा रहा है। इसी क्रम में जून माह की मासिक ई-पात्रिका ध्येय-पथ आप सभी के अवलोकनार्थ प्रस्तुत है।

नैक द्वारा प्रत्यायित श्रेणी ''बी''

महाराणा प्रताप महाविद्यालय

जंगल धूसड़, गोरखपुर-273014